विश्वविद्यालय कंप्यूटर केंद्र

वाई-फाई उपयोग हेतु डिवाइस के वास्तविक (स्थायी) MAC Address के प्रयोग संबंधी निर्देश।

विश्वविद्यालय परिसर में वाई-फाई नेटवर्क के उपयोग के दौरान यह पाया गया है कि कई छात्रगण अपने मोबाइल/लैपटॉप डिवाइस में रैंडम MAC एड्रेस (Random MAC Address) का उपयोग कर रहे हैं। इससे इंटरनेट से बार-बार लॉगआउट होने की समस्या मोबाइल/लैपटॉप डिवाइस में आ रही है।

इस समस्या के निवारण हेतु सभी छात्रगणों को निम्न निर्देशों का अनुपालन करना चाहिये।

डिवाइस में वास्तविक MAC एड्रेस (Device MAC) का चयन कैसे करें:

1. Android मोबाइल हेतु:

- Settings > Wi-Fi खोलें।

- विश्वविद्यालय के वाई-फाई नेटवर्क के नाम के पास स्थित ⚙ (Settings Icon) पर टैप करें।

- Privacy या MAC Address Type विकल्प चुनें।

- 'Use device MAC' या 'Device MAC' को सक्रिय करें।

- नेटवर्क से डिसकनेक्ट कर पुनः कनेक्ट करें।

2. iPhone (iOS) हेतु:

- Settings > Wi-Fi खोलें।

- विश्वविद्यालय के वाई-फाई नेटवर्क के आगे i आइकन टैप करें।

- Private Address विकल्प को Off करें।

- नेटवर्क से डिसकनेक्ट कर पुनः कनेक्ट करें।

3. Windows Laptop हेतु:

- Start > Settings > Network & Internet > Wi-Fi पर जाएं।

- वाई-फाई नेटवर्क का चयन करें।

- यदि Random Hardware Addresses ऑन हो, तो उसे Off करें।

4. MacBook हेतु:

- Apple Menu > System Preferences > Network पर जाएं।

- Wi-Fi नेटवर्क का चयन करें।

- Advanced > यदि 'Private Address' चालू हो, तो उसे बंद करें।